पु॰ना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

Name					
Date			9th	Roll No.	
Subject	HINDI	Marks -50	Hindi	Teacher's Sign	

Third Periodic Assessment

(खंड-अ-पठन भाग)

प्र-1-अ-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(6)**

बूढ़े सियार ने भेड़ों को रिक कर कहा,"भाइयो और बहनों! अब भी मत करो |भेड़िया राजा संत हो गये है| उनहोंने हिंसा छोड़ दी | वे आज सात दिनों से घास खा रहे है| रात-दिन भगवान् के भजन और परोपकार में लगे हुए है|उनहोंने अपना जीवन मात्र जीव-देवा में अर्पित कर दिया है| अब वे किसी का दिल नही दुखाते | भेड़ों से उनको विशेष प्रेम है| भेड़ों की जाती ने जो कष्ट उठाये है,उनको याद कर के वे रोते है| लज्जा से उनका माथा झुका है, सो झुका ही हुआ है, परन्तु अब वे अपना शेष जीवन आपकी सेवा में लगा कर पच्चाताप करेंगे |
आज सवेरे की बात है की एक मासूम भेड के बच्चे के पाँव में काँटा लग गया तो भेडीया संत ने उसी दांतों से निकाला; पर जब वह बेचारा कष्ट में चल बसा भेडीया संत ने सम्मानपूर्वक उसकी अंतिम क्रिया की |उनके घर के पास हड्डियों का जो ढेर आप देखग रहे है, वह उसी का है| अब वे सर्वस्व त्याग चुके हैं| अब आप उनसे भय मत करो|

प्र-1-बूढ़े भेडीये का ह्रदय परिवर्तन कैसे हो गया?

प्र-2-'भेड़ों से उन्हें विशेष प्रेम है',इसका आशय क्या है?

प्र-3-इस गद्यांश में किस पर व्यंग किया गया है?

प्र-4-किसके पाँव में काँटा लग गया था?

प्र-5-किसका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार संत भेडिये ने किया ?

प्र-6-उचित शीर्षक लिखिए|

प्र-1-ब-निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए_ **(6)**

नये गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है
यह विशाल भूखंड आज जो दमक रहा है
मेरी भी आभा है इसमें|

भीनी-भीनी खुश्बू वाले रंग-बिरंगे
यह जो इतने फूल खिले है
कल इनको मेरे प्राणों ने नहलाया था
कल इनको मेरे सपनों ने सहलाया था |

पकी सुनहली फसलों से जो

अबकी यह खलिहान भर गया
मेरी रग-रग के शोणित की बूँदें इसमें मुस्कराती है
नये गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है
यह विशाल भूखंड आज जो दमक रहा है
मेरी भी आभा है इसमें|

प्र-1-'मेरी भी आभा है इसमें' कवि क्या कहना चाहता है?

प्र-2-फूलों की सुन्दरता को लेकर कवि क्या कहते है?

प्र-3-सुनहली फसलों के लिए कवि क्या भावना व्यक्त कर रहा है?

प्र-4-'नये गगन मरण नया सूर्य ' से कवि का क्या अभिप्राय है?

प्र-5-कविता में किसको सहलाने की बात कही गई है?

प्र-6-उचित शीर्षक लिखिए|

(खंड-ब-लेखन भाग)

प्र-2-अ-निम्नलिखित बिन्दुओं संकेत के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए- (6)

1-विद्यार्थी जीवन:-

जीवन निर्माण का काल, विद्ध्यार्थी के लक्षण ,विद्ध्यार्थी के कर्तव्य

2-सच्चा मित्र:-

मित्रता की आवश्यकता ,मित्र के गुण ,सावधानियां,सच्चा मित्र कौन

प्र-2-ब-पत्र-लेखन-आप का आई कार्ड खो गया है ,अपनी कक्षा-अद्यापिका जी को नया कार्ड बनवाने हेतु पत्र लिखिए| (6)

(खंड-क-व्याकरण भाग)

प्र-3-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

1-शब्दार्थ-	अ-ईमान-	ब-उदार-	(1)
2-लिंग बदलिए-	अ-पंडित-	ब-ऊंट-	(1)
3-संधि-जोडिए-	अ-नर + इंद्र =	ब-सु + आगत =	(2)
4-संधि-विच्छेद करिए-	अ-नयन-	ब-हिमालय-	(2)
5-विराम-चिन्ह लगाइए-	अ-वाह क्या बात कही	ब-रेखा इधर आओं	(1)
6-मुहावरों के वाक्य बनाइये-	अ-आग बबूला होना-	ब-रफूचक्कर होना	(2)
7-शुद्ध वर्तनी-	अ-बिखारी-	ब-धरम-	(2)

(खंड-क-साहित्य भाग)

प्र-4-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो) (4)

प्र-1-कौन-से लोग धार्मिक लोगों से अधिक अच्छे हैं?

प्र-2-आज धर्म के नाम पर क्या-क्या हो रहा है?

प्र-3-धर्म के स्पष्ट चिन्ह क्या है?

प्र-5-आशय स्पष्ट करिए-अब तो ,आपका पूजा-पाठ न देखा जायगा,आपकी भलमनसाहत की कसौटी केवल आपका आचरण होगा| (4)

प्र-6-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो) (4)

प्र-1-लेखक का परिचय हामिद खाँ से किन परिस्थितियों में हुआ?

प्र-2-हामिद को लेखक की किन बातों पर विश्वास नहीं हो रहा था?

प्र-3-गांधी जी के पार उतरने पर भी लोग नदी तट पर क्यों खड़े रहे?

प्र-7-आशय वर्णन करिए-महिसागर नदी के दोनों किनारों पर कैसा दृश्य उपस्थित था? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। (3)